अंडमान में समुद्रीय रोमांच के भरपूर अवसर

अंडमान निकोबार में आ कर सैलानी समुद्री रोमांच का खुल कर अनुभव करते हैं। समुद्र के पानी की सतह पर एवं जल के भीतर कई प्रकार की जल क्रीड़ायें यहाँ आकर्षण और मनोरंजन का प्रबल माध्यम हैं। सैलानी इस रोमांच को ताजिंदगी भूल नहीं पाते हैं और यह रोमांच उन्हें समय-समय पर गुदगुदाता रहता है। समुद्री जल पर पैरासेलिंग, गहरे पानी में मछली पकड़ना, सी वाकिंग, हैवलॉक द्वीप पर जैव.संदीप्ति, सी प्लेन की सवारी,स्नॉर्कलिंग और स्कूबा डाइविंग के साथ-साथ ट्रेकिंग एवं बर्ड वाचिंग रोमांचक गतिविधियां हैं।

कांच तल वाली नाव की सवारी—- पारदर्शी कांच के तल वाली नाव की सवारी से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के समुद्री जीवन को देखना वाकई किसी जादुई दृश्य से कम नहीं है। ऐसी नाव में सवारी करना जिसके तले पर कांच लगा हो और जिससे सैलानी समुद्री जीवन की सुंदरता को निहार सकते हों, वो भी बिना किसी परेशानी के, वाकई एक अनूठा अनुभव होता है। यह अनुभव मूंगा चट्टानों की शानदार दुनिया और पोर्ट ब्लेयर के समुद्री जीवन को देखने का एक बेहतरीन ज़रिया है।

पैरासेलिंग—रोमांच प्रेमियों और ऐडवेन्चर पसंद सैलानियों के लिए पैरासेलिंग एक शानदार अनुभव है। मोटरबोट के पीछे खुद को पैराशूट के ज़रिए बांध लेते हैं और जैसे-जैसे बोट आगे बढ़ती है, पंछी की तरह हवा में गोते लगाना वाकई अपने आप में एक अनोखा और ज़बरदस्त अनुभव होता है।

गहरे समुद्र में सैलानी मछली पकड़ने का आनन्द ले सकते हैं। रिची द्वीपसमूह में हैवलॉक द्वीप के तटों के आस-पास कई प्रकार की मछलियां मिलती हैं जिनकी लंबाई 3 मीटर से अधिक हो सकती है। यहां पर मिलने वाली कुछ मछलियों में ब्लैक मार्लिन, ब्लू मार्लिन ,डोरैडो और डॉगटोथ टयूना लोकप्रिय हैं। इसके अलावा यहां मछली पकड़ने वाले समुदायों के नियमों के मुताबिक मछलियों को पकड़कर छोड़ दिया जाता है, जिससे आगंतुकों को मछली पकड़ने के कौशल के परीक्षण के साथ.साथ जलीय जीवों को संरक्षित करने में मदद मिलती है।

सी वाकिंग– इसका मज़ा लेने के लिए सैलानी नॉर्थ बे बीच में समुद्र के नीचे चल सकते हैं और प्रसिद्ध ऑक्टोपस गार्डन की यात्रा कर सकते हैं। मछली, कोरल रीफ और विभिन्न समुद्री जीवों का ऐसा रंगीन संसार किसी ने भी पहले कभी नहीं देखा होगा, जिन्हें आप अपने आस-पास तैरते देखते हैं। नॉर्थ बे बीच और हैवलॉक द्वीप के समुद्र तल पर चलते हुए पानी के नीचे के समुद्री जीवन का अवलोकन करने के लिए ये सबसे अच्छे स्थानों में से है। जो लोग स्कूबा डाइविंग नहीं जानते हैं, उनके लिए समुद्री जीवन को इतने करीब से देखना सबसे अच्छी गतिविधि है।

हैवलॉक द्वीप पर जैव संदीप्ति —यह एक असाधारण अनुभव है, जहां आप नाव से पानी में चमकती रोशनी देख सकते हैं, जो कुछ -कुछ आकाश में सितारों जैसी दिखाई देती है। समुद्र में मौजूद फाइटोप्लैंक्टन की उपस्थिति के कारण यह पानी चमकता है। इस अद्‌भुत दृश्य को केवल अमावस की रात में ही देखा जा सकता है।

बनाना बोट की सवारी—यह नाव अपने नाम की ही तरह केले के आकार की होती है, जो लंबी और संकीर्ण होती है । इसमें एक बार में लगभग छह लोग इस पर सवारी कर सकते हैं। नाव को तेज़ चलाने के लिए इसे स्पीड बोट के पीछे बांधा जाता है। विश्वास कीजिए यह सवारी किसी रोमांचक गतिविधि से कम नहीं है।

सी प्लेन की सवारी—पोर्ट ब्लेयर से हैवलॉक द्वीप तक सी–प्लेन की सवारी एक रोमांचकारी अनुभव है। इस सवारी में लगभग 25 मिनट लगते हैं। एक ही समय में पानी के माध्यम से उड़ान भरना और नौकायन एक अनूठा अनुभव है और इन द्वीपों पर आपको यह यात्रा अवश्य करनी चाहिए।

स्नॉर्कलिंग और स्कूबा डाइविंग—स्कूबा डाइविंग, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर व्यापक रूप से की जाती है। डाइविंग के लिए सबसे बेहतरीन समय दिसंबर से अप्रैल के बीच का होता है। आप नॉर्थ बे ,कार्बिन कोव, चिडिया टापू, हैवलॉक, जॉली बॉय, रेडस्किन द्वीप तथा रॉस द्वीप,और स्मिथ द्वीप पर स्नोर्कलिंग और स्कूबा डाइविंग कर, कोरल रीफ के दुर्लभ दृश्य देख सकते हैं और समुद्री जीवन का आनंद ले सकते हैं। इन द्वीपों के आसपास स्थित तटीय क्षेत्र दुनिया के उन इकोसिस्टम में से एक है, जहां कोरल मूंगा चट्टानों का विशाल भंडार पाया जाता है। इस क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा अभी भी मानवीय गतिविधियों से अछूता है। यहां के कई द्वीप कोरल मूंगा चट्टानों से घिरे हैं, कई तो सौ मीटर तक चौड़े हैं और कई लैगून की शक्ल में समुन्दर से अलग हो गए हैं।

नेचर वॉक— वांडूर में लगाए गए रबड़ के बागानों के बीच सैर करना एक बेहतरीन अनुभव हो सकता है। बागानों के टूर में कच्चे रबड़ को रबड़ शीट में बदलने की प्रक्रिया भी बताई जाती है और जिस कारण यह एक दिलचस्प और शैक्षिक टूर भी बन जाता है।

ट्रेकिंग— ट्रेकर्स वाकई अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को पसंद करेंगे क्योंकि यहां उनके लिए बहुत कुछ है। माउंट हैरियट से मधुबन तक का रास्ता एक ऐसा शानदार मार्ग है, जहां पर आप ट्रेकिंग करते-करते सुंदर वनस्पतियों और जीवों को भी देख सकते हैं। पर्यटक बम्बोफ्लैट से माउंट हैरियट तक सदाबहार जंगलों से गुज़रते हुए ट्रैकिंग कर सकते हैं। यहां के अन्य लोकप्रिय ट्रेकिंग मार्ग डिगलीपुर में उत्तर अंडमान से कालीपुर से सदल पीक तक हैं।

बर्ड वॉचिंग— पोर्टब्लेयर से सड़क मार्ग द्वारा करीब 100 किमी दूर बारातांग के पास मौजूद पैरट द्वीप अपने स्थानिक पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है। यहां विभिन्न प्रकार के तोते की प्रजातियां पाई जाती हैं। स्थानिक पक्षियों की करीब तीस प्रजातियों का अब तक पता चला है। अगर आप असंख्य पक्षियों के झुंड को देखना चाहते हैं तो बारातांग द्वीप से पैरट द्वीप पर शाम के वक्त जाना सबसे बेहतर होगा।

कॉर्बीन कोव बीच पोर्ट ब्लेयर शहर से छह किलोमीटर दूर नारियल वृक्ष से घिरा कॉर्बीन कोव समुद्र तट तैराकी, साहसिक जल-क्रीड़ा और सूर्य स्नान के लिए आदर्श तट है। होटल, रेस्तरां, बार, परिधान बदलने की कक्ष, जैसी सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं। इस समुद्र तट के रास्ते पर जापानी बंकरों जैसे ऐतिहासिक अवशेष एवं हजारों रंग बिरंगे शेल्स देखे जा सकते हैं। तट पर पर्यटन विभाग द्वारा संचालित वेव्स रेस्तरां और बीयर बार उचित दरों पर आनंददायक व्यंजन प्रदान करता है। समुद्र तट के ठीक सामने कुछ दूरी पर स्नेरीक द्वीप स्कूबा डाइविंग के लिए लोकप्रिय है।

सिंक एवं रेडस्किन बीच- द्वीप

सिंक एवं रेडस्किन द्वीप उन स्थानों में से हैं जहां दुनिया की सबसे अच्छे डाइविंग होती है। यहां का साफ और पन्ना के रंग जैसा पानी 80 फिट गहराई तक की दृश्यता प्रदान करता है। यहां सैलानी गहरा गोता लगाकर विभिन्न प्रकार के समुद्री जीवन को देख सकते हैं। यहां काले मूंगे को भी देख सकते हैं और यह अनुभवी गोताखोर के लिए एकदम आदर्श जगह है। वे लोग जो गोताखोरी नहीं जानते उनके लिए यहां ऐसे प्रशिक्षक भी हैं जो उनकी मदद करते हैं। रेडस्किन द्वीप में कई बार तैरती हुई डाल्फिन मछलियों के झुंड देखे जा सकते हैं। शीशे की तरह साफ़ पानी के नीचे जलीय पेड़-पौधे व रंगीन मछलियों को तैरते हुए देखे जा सकता है। बीच पर स्कूबा डाइविंग के अलावा स्कीइंग, सेलिंग, पैरा सेलिंग, विंड सर्फिंग, स्नॉर्केलिंग और मछलियों के शिकार जैसे रोमांचक खेलों का आनंद भी ले सकते हैं।

वंदूर तट-द्वीप

पोर्ट ब्लेयर के पश्चिम में करीब 29 किमी प्रसिद्ध वंदूर समुद्र तट सुंदरता के लिए जाना जाता है और पर्यटकों में बहुत लोकप्रिय है। महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान की सीमा वंदूर बीच से जुड़ी है। नेशनल पार्क में जाने के लिए, वंदूर जेटी से नौकाएं उपलब्ध हैं। महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान के प्रवेश द्वार पर स्थित कलात्मक विश्व स्तरीय समुद्री व्याख्या केंद्र को देख सकते हैं। इसमें समुद्री दुनिया और सभागार के डायरामास चित्रण हैं।

उत्तर खाड़ी बीच

उत्तर की खाड़ी (नार्थ बे) बीच का विख्यात लाइट हाउस भारतीय मुद्रा के प्रत्येक 20 रुपये नोट पर दिखाई देता है। पोर्ट ब्लेयर के उत्तर में स्थित नार्थ बे समुद्र तट अपने फ्राइंग कोरल रीफ के आसपास

स्नॉर्कलिंग के लिए प्रसिद्ध है। नार्थ बे में कोरल एक बड़े क्षेत्र में फैले हुए हैं। स्नॉर्कलिंग के दौरान, कोई भी मूंगा चट्टान पर मछली, लोबस्टर और यहां तक कि, क्लैम की कई प्रजातियों को देख सकता है। जल के जीवन के नीचे देखने के लिए 'सी वाकिंग' नामक नवीनतम सुविधाओं को जोड़ा गया है। सैलानी एबरडीन जेट्टी से निजी नौका सेवा द्वारा नार्थ बे आते हैं और तीन घंटे ठहरने के बाद इसी से वापस लौट जाते हैं।

एलीफैंट बीच
हाथी समुद्र तट पानी के खेल और अवकाश यात्रा के लिए एक आदर्श स्थान है। हेवलॉक द्वीप समूह में स्थित इस समुद्र तट पर आप अलग दुनिया में होंगे। हाथी समुद्र तट पर बहुत सारे भारतीय और विदेशी नागरिक दिखाई देते हैं। भोजन और पेय के साथ अवकाश के समय में आराम करने के लिए यह जगह आदर्श है। यह समुद्र तट गोताखोरी, स्नॉर्कलिंग, तैराकी, पक्षी-देखने, ट्रेकिंग और कयाकिंग जैसे पानी के खेल के लिये भी लोकप्रिय है। अपने प्रवाल भित्तियों के लिए मशहूर होने के कारण, समुद्र में घूमना भी मनोरंजन करता है। इस समुद्र तट पर आप मुख्य जेट्टी से नाव द्वारा 20 मिनिट में समुद्र तट तक पहुंच सकते हैं। सार्वजनिक बस, ऑटो और बाइक भी उपलब्ध हैं।

राम नगर बीच
समुद्र तट पर आप शांति से आराम कर सकते हैं और कई वॉटर स्पोर्ट्स का मज़ा भी ले सकते हैं। यह कम भीड़-भाड़ वाले समुद्र तटों में से एक है इसलिए अगर आप एक शांतिपूर्ण जगह पर छुट्टी मनाना चाहते हैं तो राम नगर आपके लिए सबसे अच्छी जगह है। डिगलीपुर द्वीप में बसा राम नगर एक छोटा सा गांव है। ये अपनी विस्तृत वनस्पतियों, जीवों और प्राचीन समुद्र तटों के लिए जाना जाता है। राम नगर में मैंग्रोव के जंगलों का विस्तारित क्षेत्र फैला हुआ है। हरे-भरे मैंग्रोव के जंगलों और लताओं से घिरे इस गांव का दृश्य काफी खूबसूरत है।

छींक बीच-द्वीप
छींक द्वीप में बारीक रेतीले समुद्र तट है जो उत्तरी और दक्षिण छींक द्वीप में बारीक रेतीले समुद्र तट है जो उत्तरी और दक्षिण चिंक द्वीप समूह और उष्णकटिबंधीय वर्षा वन को जोड़ते हैं। यहाँ दुर्लभ कोरल और पानी के नीचे समुद्री जीवन के साथ एक अभयारण्य सैलानियों के लिये किसी आश्चर्य से कम नहीं है। यहां ं कोई नियमित नौका सेवा नहीं है, पोर्ट ब्लेयर और वंदूर से अनुमत श्रेणी की चार्टर्ड नौकाओं की अनुमति वन विभाग से लेनी होती है। उचित अनुमति के साथ नाव किराए पर लेने के लिए पोर्ट ब्लेयर में निजी नाव ऑपरेटरों से संपर्क कर सकते हैं ।

शहीद बीच-द्वीप
सुन्दर हरे जंगल और रेतीले समुद्र तटों वाला यह खूबसूरत द्वीप सप्ताह में चार दिन पोर्ट ब्लेयर से नाव से जुड़ा रहता है। यह पर्यावरण अनुकूल पर्यटकों के लिए आदर्श छुट्टी मनाने का अवसर प्रदान करता है। पर्यटन विभाग का हवाबिल नेस्ट गेस्ट हाउस यहां स्थित है। यहां ग्राम्य जीवन की शांति महसूस होती है। लक्ष्मणपुर, भरतपुर, सीतापुर में सुंदर समुद्र तट और समुद्र किनारे पर प्राकृतिक पुल (हावडा ब्रिज) मुख्य आकर्षण है ।

हैवलोक द्वीप

यहां राधा नगर बीच का स्वच्छ निर्मल पानी तथा इन द्वीपों में तैरती हुई डाल्फिन मछलियों के झुण्ड तथा द्वीप के तट पर सफेद रंग की रेत का सौन्दर्य देखते ही बनता है। शीशे की तरह साफ पानी में जल के नीचे जलीय पौधे एवं मछलियों को तैरते हुए देखना अपने आप में रोमांच उत्पन्न करता है। यह एक बेहद खूबसूरत पर्यटक स्थल हैं।

रॉस द्वीप

महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों में रॉस द्वीप ब्रिटिश वास्तुशिल्प के खण्डहरों के लिए जाना जाता है। यह द्वीप करीब 200 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यहां फीनिक्स उपसागर से नाव लेकर कुछ ही समय में पहुँच सकते हैं। प्रात:काल में इस द्वीप पर बड़ी संख्या में पक्षी देखने को मिलते हैं और लगता है जैसे यह द्वीप पक्षियों का स्वर्ग हो। इस द्वीप को देखने के लिए बड़ी संख्या सैलानी पहुंते हैं।

नील बीच-द्वीप

पोर्टब्लेयर से करीब 37 किमी एवं हेवलॉक से 45 किमी दूर नील द्वीप अपने आकर्षण में हेवलॉक द्वीप से भिन्न प्रकृति का है। यह द्वीप चुम्बकीय जैव विविधता, दुर्लभ मूंगा चट्टानों, सफेद रेत के समुद्री बीच एवं ट्रॉपिकल वुडलैंड्स के आकर्षण से लबरेज है। जो सैलानी अपना समय आराम से रिलेक्स मूड में व्यतीत करना चाहते हैं, उनके लिए यह बीच और द्वीप आदर्श स्थल है। छोटे से सुंदर द्वीपीय गांव को देखने के इच्छुक पर्यटकों के लिये बीच पर कुछ वाटर स्पोर्ट्स एवं कुछ रिसॉर्ट्स हैं। इस द्वीप में भरतपुर, सीतापुर और लक्ष्मणपुर बीच आते हैं। तैराकी, स्कूबा डाइविंग, स्नोर्कलिंग, कांच के तले वाली बोट से समुद्र पर घूमना और समुद्र के भीतर के जलीय जीवन को देखना आदि सैलानियों के प्रमुख आकर्षण हैं। सैलानी यहाँ ट्रेकिंग का आनन्द भी लेते हैं। यह स्थल रामायण के मैथोलोजिकल पात्रों के कथानक से भी जुड़ा है। इसे सब्जियों और फलों की पैदावार की वजह से सब्जी का प्याला भी कहा जाता है। पोर्टब्लेर को फल-सब्जी यहीं ् से जाते हैं। यहां आने के लिए पोर्टब्लेर से सरकारी एवं प्राइवेट बोट सेवा उपलब्ध है। द्वीप पर घूमने के लिये बाइसिकल किराये पर मिलती है। इनसे घूमने का अलग ही मज़ा है। यहां ठहरने के लिए लक्जरी एवं बजट होटल्स भी उपलब्ध हैं।

भरतपुर बीच

यह बीच नील द्वीप का सबसे खूबसूरत बीच है। प्रकृति का अनन्त सौंदर्य चप्पे-चप्पे को रूपायत करता है। विश्वभर से लोग प्रकृति के इस स्वप्न को हकीक़त में जीने के लिए यहाँ आते हैं। ऊपर नीला आसमान, नीचे नीला पानी और आसपास हरियाली युक्त दृश्य-कितना अद्भुत संगम है प्रकृति का। घंटों बैठकर इसे निहारते रहना किसी को भी मंत्र मुग्ध कर सकता है।

लिटिल अंडमान बीच

इस द्वीप के बीच पर सर्फिंग की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। छोटे रिसॉर्ट्स एक गतिविधि विकल्प के रूप में सर्फबोर्ड किराए पर उपलब्ध करवाने और बटलर बे समुद्र तट के पास सर्फ शिविरों की व्यवस्था करते हैं, जिनकी लहरें इसे भारत में सबसे अच्छा सर्फिंग गंतव्य बनाती हैं । "द स्टॉर्मराइडर सर्फ गाइड, इंडोनेशिया और हिंद महासागर" ने लिटिल अंडमान को एक प्रमुख सर्फिंग स्थल के रूप में शामिल किया है । यहॉ एक निजी एजेन्सी है जो लिटिल अण्डमान में सर्फिंग स्कूल चलाती है। मॉनसून के समय

यहाँ पर्यटक कम ही आते हैं परंतु मई से अगस्त तक यह क्षेत्र सक्रिय रहता है। गर्मी के बावजूद भी सैलानी यहाँ आते हैं। नवंबर से फरवरी तक दक्षिण पश्चिम किनारे पर समुद्र शांत रहता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजस्थान जनसंपर्क के सेवा निवृत्त अधिकारी हैं)